**प्रेस नोट, जालौन पुलिस**

**दिनांक – 27.05.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व कोतवाली कोंच, थाना कैलिया पुलिस टीम द्वारा डकैती की घटना का सफल अनावरण कर पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल 03 अभियुक्तगण को गिऱफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 15.05.2025 को कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत स्थित नवीन ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर 05 नाम पता अज्ञात बदमाशों ने डकैती की घटना कारित की थी। जिसके संबन्ध में वादी श्री संजीव कुमार सोनी पुत्र जगदीश चन्द्र (नवीन ज्वैलर्स ) निवासी पटेल नगर कोतवाली कोंच जनपद जालौन की तहरीर के आधार कोतवाली कोंच पर मु0अ0सं0-113/2025 धारा 310(2) बीएनएस बनाम 05 व्यक्ति नाम व पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी तथा पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुये घटनास्थल का निरीक्षण किया था तथा घटना के सफल अनावरण हेतु एसओजी, सर्विलांस, थाना पुलिस सहित कुल 05 टीमों को लगाया गया था। टीमों ने जनपद झांसी, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, इटावा, व म0प्र0 मे भिण्ड आदि जनपद में दबिश देते हुये करीब 60 संदिग्धों से पूछताछ की गयी।

पुलिस अधीक्षक जालौन महोदय द्वारा दिनांक 26/27-05.2025 को रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति-वाहनों के सघन चेकिंग हेतु सभी थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया था, इसी क्रम में जनपद में सभी जगह सघन चेकिंग की जा रही थी चेकिंग के दौरान थाना कैलिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत 03 संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया जो भाग गये, थानाध्यक्ष कैलिया द्वारा सभी थानाप्रभारीगण को बताये जाने हेतु तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचित किया गया। इसी दौरान समय करीब 01:10 बजे रात्रि थाना कोंच क्षेत्रान्तर्गत महन्त नगर से परेथा जाने वाली नहर पटरी के पास एसओजी, सर्विलांस टीम व प्रभारी निरीक्षक कोंच द्वारा 03 मोटरसाईकिल सवार संदिग्धों को आता हुआ देख टार्च मारकर रुकने के लिये आवाज दी गयी तो अभियुक्तों द्वारा मोटरसाईकिल रोककर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से 04 राउण्ड फ़ायरिंग की गई जिसमें टीम बाल-बाल बची। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फ़ायरिंग की गई जिसमें 03 अभियुक्तगण (**1**-रानू कुशवाहा पुत्र रामबिहारी कुशवाहा निवासी ग्राम करई थाना समथर जनपद झांसी उम्र करीब 22 वर्ष, **2-** रामेन्दर सिंह उर्फ रानू पाल पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम करई थाना समथर जनपद झांसी उम्र करीब 24 वर्ष, **3-**राजवीर गोस्वामी पुत्र विनोद गोस्वामी निवासी ग्राम करई समथर जनपद झांसी उम्र करीब 19 वर्ष) गोली लगने से घायल हुये। अभियुक्तगण के पास से 03 अबैध शस्त्र, 05 जिंदा व 04 खोखा कारतूस तथा दिनांक 15.05.2025 को कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत ज्वैलर्स की दुकान में डकैती से संबन्धित माल बरामद हुआ है। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए घायल अभियुक्तगण को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

**उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

प्रारम्भिक पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने दिनांक 15.05.2025 को अपने अन्य साथियों के साथ कस्बा कोंच मे ज्वैलर्स की दुकान से डकैती की घटना कारित की थी तथा पुलिस की नाकाबन्दी/ सक्रियता के कारण हम लोग डकैती के माल को कहीं बेंच नहीं पाये तथा उसको छुपाकर रखे हुए थे आज रात्रि में हम लोग छुपते छुपाते माल को बेंचने के उद्देश्य से बाहर जा रहे थे।

**अभियुक्तगण के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानों व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा उक्त पुलिस टीम को 25,000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। शेष अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 05 टीमें रवाना हैं।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1-रानू कुशवाहा पुत्र रामबिहारी कुशवाहा निवासी ग्राम करई थाना समथर जनपद झांसी उम्र करीब 22 वर्ष।

2- रामेन्दर सिंह उर्फ रानू पाल पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम करई थाना समथर जनपद झांसी उम्र करीब 24 वर्ष

3-राजवीर गोस्वामी पुत्र विनोद गोस्वामी निवासी ग्राम करई समथर जनपद झांसी उम्र करीब 19 वर्ष

**बरामदगी विवरण-**

1- 03 अदद तमंचा 315 बोर, 05 अदद जिंदा व 04 खोखा कारतूस 315 बोर

2- 02 सफेद सिंहासन सफेद धातु

3- 01 अदद अंगूठी पीली धातु

4- 01 अदद बाईक स्पलेण्डर बिना नम्बर।

**पुलिस टीम**

1- प्रभारी निरीक्षक कोंच मय पुलिस टीम

2- प्रभारी एसओजी, सर्विलांस मय टीम।

3- थाना कैलिया मय पुलिस टीम